कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल)

स्नातक प्रथम सेमेस्टर : प्रवेश सूचना

दिनांक : 08–07–2023

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत स्नातक (बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0) प्रथम सेमेस्टर के समस्त प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय द्वारा आज दिनांक 08–07–2023 को प्रवेश अर्हता सूची जारी कर दी गयी है। सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 11–07–2023 से प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 02.30 तक की जायेगी। प्रवेशार्थी वरीयता सूची में अपने वरीयता क्रमांक के आधार पर निर्धारित तिथियों पर प्रवेश समिति के समक्ष अपने ऑनलाईन प्रवेश आवेदन प्रत्र के साथ निम्नलिखित स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों/अधिमान प्रमाण पत्रों एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित हों।

आवेदन पत्र के साथ आवश्यक संलग्नक

1. हाईस्कूल अंकतालिका तथा प्रमाण पत्र की छायाप्रातियाँ।
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका की छायाप्रति।
3. स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति। (राज्य के बाहर के प्रवेशार्थियों हेतु स्थानान्तरण प्रमाण पत्र सम्बन्धित जिला स्तरीय)उच्चाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो।
4. आरक्षित श्रेणी के प्रवेशार्थी जाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़े वर्ग हेतु नॉन क्रीमी लेयर एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. सत्र अन्तराल हेतु ओथ कमिश्नर द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
6. अधिमान प्रमाण पत्र – एन.सी.सी./एन.एस.एस. एवं खेलकूद इत्यादि।
7. 01 पासपोर्ट फोटोग्राफ।
8. आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. महाविद्यालय ड्रेस कोड शपथ पत्र।
10. महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gpgcramnagar.org** से भरा एवं डाउनलोड किया हुआ एण्टी रैंगिग शपथ पत्र।
11. नशा मुक्ति का शपथ पत्र।

प्राचार्य,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रामनगर (नैनीताल)